# मुहावरे

जब कोई शब्द-समूह या वाक्यांश सामान्य अर्थ न देकर विशेष अर्थ देने लगता है, तो उसे मुहावरा कहते हैं।

**मुहावरा** अरबी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है—**अभ्यास**। मुहावरे में शाब्दिक अर्थ महत्त्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि कोई दूसरा अर्थ अर्थात् लाक्षणिक या व्यंग्यार्थ मुख्य होता है; जैसे—वह 'काठ का उल्लू' है।

इसका अर्थ यह नहीं है कि वह लकड़ी का उल्लू है, बल्कि इससे यह अर्थ व्यंजित होता है कि जो उल्लू काठ का है, वह हमारे किस काम का। इस प्रकार, हम इसका अर्थ 'महामूर्ख' से लेते हैं। भाषा को स्पष्ट तथा प्रभावशाली बनाने के लिए मुहावरों का प्रयोग किया जाता है।

## मुहावरों के प्रयोग हेतु आवश्यक तथ्य

- मुहावरा पूरा वाक्य न होकर वाक्यांश होता है।
- मुहावरों का प्रयोग स्वतंत्र रूप से नहीं होता वरन् इनका वाक्य के बीच में प्रयोग किया जाता है।
- मुहावरों का अर्थ साधारण न होकर प्रतीक रूप में होता है।
- पूर्ण इकाई होने के कारण लोकोक्ति में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता। लोकोक्ति विशेष अर्थ को प्रकट करती है, जबकि मुहावरे में वाक्य के अनुसार परिवर्तन होता है।

## पाठ्यपुस्तक में प्रयुक्त मुहावरे

- **छोटा मुँह बड़ी बात** (*सीमा से अधिक बढ़कर बोलना*) कुछ लोग मुख्यमंत्री का विरोध करते हैं। यह उनके लिए *छोटा मुँह बड़ी बात* करने जैसा है।
- **प्राण सूख जाना** (*भयभीत होना*) शेर को सामने देखकर मेरे *प्राण सूख* गए।
- **हँसी-खेल न होना** (*आसान न होना*) गणित को जल्दी से समझना कोई *हँसी-खेल नहीं* है।
- **सुध-बुध खोना** (*होश हवास में न होना*) दमयंती के रूप-सौंदर्य को देखकर राजा नल ने *सुध-बुध खो* दी।
- **एक ही राग अलापना** (*एक ही बात को बार-बार कहना*) मनोहर बार-बार अध्यापक के सामने *एक ही राग अलाप* रहा था।
- **एक-एक पल पहाड़ की तरह होना** (*दुख के कारण दिन का एक-एक पल कठिन लगना*) तुम्हारी प्रतीक्षा में मेरा एक-एक पल पहाड़ की तरह हो गया था।
- **आग-बबूला होना** (*बहुत क्रोध करना*) भाई को दो लड़कों से पिटता देखकर मोहन *आग-बबूला* हो गया।
- **दीवार खड़ी करना** (*बँटवारा करना*) घर में लड़ाई होने के कारण दोनों परिवारों में *दीवार खड़ी* हो गई।

## मुहावरों का अर्थ सहित वाक्यों में प्रयोग के उदाहरण

### अ, आ

- **अक्ल पर पत्थर पड़ना** (*बुद्धि से काम न लेना*) आज उसका बुरा समय था, तभी तो उसकी *अक्ल पर पत्थर पड़ गए*।
- **अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना** (*अपनी प्रशंसा आप करना*) श्याम के पास होने पर अपने गुण बताकर वह *अपने मुँह मियाँ मिट्ठू* बन रहा है।
- **आकाश-पाताल एक करना** (*कोई प्रयत्न बाकी न रखना*) राजेश अपनी बेटी को बचा नहीं पाया, यद्यपि उसने उसे बचाने के लिए *आकाश-पाताल एक कर दिया* था।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

- **आँखों में धूल झोंकना** *(धोखा देना)* परीक्षा कक्ष में विनीत ने अपने अध्यापक की *आँखों में धूल झोंकने* की बहुत कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया।
- **आँखों के आगे अँधेरा छा जाना** *(बहुत निराश हो जाना/संसार सूना-सा प्रतीत होना)* परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाने पर राम की आँखों के आगे अँधेरा छा गया।

## इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं

- **इ़ज़्ज़त बिगाड़ना** *(किसी की मर्यादा भंग करना)* कुछ असामाजिक लोगों ने राजेश की *इ़ज़्ज़त बिगाड़* दी।
- **इति-श्री करना** *(समाप्त करना)* आज संस्कृत के शिक्षक ने पाठ्य-पुस्तक के अंतिम अध्याय की *इति-श्री की* है।
- **ईंट का जवाब पत्थर से देना** *(दुष्टता का उत्तर दुष्टता से ही देना)* पाकिस्तान ने कारगिल में घुसपैठ की जिसके बदले में भारतीय सैनिकों ने *ईंट का जवाब पत्थर से* दिया।
- **ईद का चाँद होना** *(दर्शन दुर्लभ होना)* तुम कई महीनों से नज़र नहीं आते, लगता है *ईद का चाँद हो गए* हो।
- **उड़ती चिड़िया के पर गिनना** *(देखते ही मन की बात समझ जाना)* मैं तो देखते ही समझ गया था कि वह स्त्री चालबाज़ है। मैं तो *उड़ती चिड़िया के पर गिन* लेता हूँ।
- **उँगली पर नचाना** *(वश में रखना)* गोपिकाएँ श्रीकृष्ण को *उँगली पर नचाती* थीं।
- **ऊँट के मुँह में जीरा** *(अपर्याप्त या अत्यल्प वस्तु)* इतने विशाल हाथी के लिए दो दर्जन केले *ऊँट के मुँह में जीरे* के समान हैं।
- **एक आँख से देखना** *(समान भाव से देखना)* माता-पिता अपने सभी बच्चों को *एक आँख से देखते हैं*।
- **एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाना** *(अत्यधिक प्रयास करना या परिश्रम करना)* पुलिस जब *एड़ी-चोटी का ज़ोर* लगाती है, तो शातिर-से-शातिर अपराधी भी बच नहीं पाते।
- **ऐब निकालना** *(दोष निकालना)* श्याम हमेशा अपने मित्रों में *ऐब निकालता* रहता है।
- **ऐसी-तैसी करना** *(इ़ज़्ज़त नष्ट करना या बुरी तरह अपमानित करना)* मोहन के कुकृत्य ने उसके परिवार की इ़ज़्ज़त की *ऐसी-तैसी कर दी*।
- **ओले पड़ना** *(विपत्ति आना)* पिछले एक वर्ष से वाजिद के सिर पर *ओले ही पड़ रहे हैं*।
- **औंधे मुँह गिरना** *(पराजित होना)* विरोधी ने ऐसा दाँव मारा कि भोला पहलवान *औंधे मुँह गिर* गया।
- **अंधों में काना राजा** *(मूर्खों के बीच अल्पज्ञ व्यक्ति)* रवि 100 मी की दौड़ में प्रथम आ गया, क्योंकि वहाँ तो दौड़ने वाले दो-तीन छात्र ही थे। वह तो *अंधों में काना राजा* बन गया।

## क, ख, ग, घ

- **कब्र में पैर लटकना** *(मृत्यु के समीप होना)* देखो तो सही मोहन ने इस उम्र में एक नया विवाह कर लिया, जबकि उसके *कब्र में पैर लटक* रहे हैं।
- **कटे पर नमक छिड़कना** *(दु:खी को और अधिक दु:खी करना)* एक तो वह पुलिस से पिटा और ऊपर से तुम्हारे पिताजी ने उसे खरी-खोटी सुनाकर *कटे पर नमक छिड़क* दिया।
- **खरी-खोटी सुनाना** *(बुरा-भला कहना)* जब मैंने उसे अपने पेड़ से अमरूद तोड़ते हुए पकड़ लिया, तो खूब *खरी-खोटी सुनाई*।
- **खिचड़ी पकाना** *(गुप्त रूप से योजनाएँ बनाना)* ज़रूर कोई गड़बड़ वाली बात है। राम और श्याम आजकल बहुत देर तक *खिचड़ी पकाते रहते* हैं।
- **गड़े मुर्दे उखाड़ना** *(बीती हुई बातों को व्यर्थ में दोहराना)* जो होना था सो हो गया, अब क्यों *गड़े मुर्दे उखाड़* रहे हो।
- **गिरगिट की तरह रंग बदलना** *(जल्दी-जल्दी विचार बदलना/बात-बात पर पाला बदलना)* मुझे रमेश की बात का विश्वास नहीं है, वह हरदम *गिरगिट की तरह रंग बदलता* रहता है।
- **घी के दिये जलाना** *(खुशियाँ मनाना)* चौदह वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद जब राम अयोध्या वापस आए, तो अयोध्यावासियों ने *घी के दिये* जलाए।
- **घुटने टेकना** *(अपनी हार मान लेना)* भारतीय सैनिक युद्ध में वीरगति प्राप्त करते हैं, वे कभी *घुटने नहीं टेकते*।

## च, छ, ज, झ

- **चकमा देना** *(धोखा देना)* मैं कहता था कि वह बहुत बदमाश है, किंतु तुमने उस पर विश्वास किया। देखा न हमें *चकमा देकर* पाँच सौ रुपये ले गया।
- **चार चाँद लगाना** *(शोभा बढ़ाना)* माली की बेटी के विवाह में आकर जिलाधीश महोदय ने विवाह में *चार चाँद लगा* दिए।
- **छक्के छूट जाना** *(बुरी तरह से हारना)* कारगिल में भारतीय सेना ने इतनी वीरता से युद्ध किया कि पाक सैनिकों के *छक्के छूट* गए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

- **छठी का दूध याद आना** *(दुर्गति होना)* एक तरफ़ से पुलिस और दूसरी तरफ़ से गाँव वालों से पिटते-पिटते उस अकेले चोर को *छठी का दूध* याद आ गया।
- **ज़मीन पर पैर न पड़ना** *(घमंड होना)* जब से रीना का प्रशासकीय सेवा में चयन हुआ है, उसके घरवालों के ज़मीन पर पैर नहीं पड़ रहे हैं।
- **जले पर नमक छिड़कना** *(दु:ख पर और दु:ख देना)* विमला तो पहले ही शोक-संतप्त है, ऊपर से पड़ोसी ताने मारकर उसके *जले पर नमक छिड़क* रहे हैं।
- **झख मारना** *(समय नष्ट करना या विवश होना)* अपने समय का अधिकतम उपयोग करो, *झख मारने* से क्या हासिल होने वाला है।
- **झंडा गाड़ना** *(पूर्णरूपेण अपना अधिकार जमाना)* सचिन तेंदुलकर ने विश्व क्रिकेट में अपना *झंडा गाड़* दिया है।

### ट, ठ, ड, ढ

- **टका-सा जवाब देना** *(साफ़ इनकार कर देना)* मैंने मुसीबत में अपने मित्र से मदद माँगी, किंतु उसने मुझे *टका-सा जवाब* दे दिया।
- **टाँग अड़ाना** *(व्यर्थ में दखल देना)* जब प्रवीण को बात का पता ही नहीं था, तो उसने बेकार में ही अपनी *टाँग क्यों अड़ाई?*
- **ठोकरें खाना** *(मुसीबतें सहना)* जीवनलाल ने अपने पुत्र को अच्छी शिक्षा देने के लिए न जाने कहाँ-कहाँ की *ठोकरें खाईं*।
- **डींग हाँकना** *(अपनी बड़ाई करना)* सही व्यक्ति वह है, जो कार्य करके दिखाता है, केवल *डींग नहीं हाँकता*।
- **ढाक के तीन पात** *(सदा एक-सी दशा में रहना)* उसकी सोच ही ऐसी है कि वह हमेशा *ढाक के तीन पात* बना रहता है।

### त, थ, द, ध, न

- **तितर-बितर हो जाना** *(बिखरकर भाग जाना)* रसोई गैस सिलेंडर की लाइन में 'साँप-साँप' का शोर मचते ही लाइन में लगे सभी लोग एक ही क्षण में *तितर-बितर* हो गए।
- **तिल का ताड़ बनाना** *(छोटी-सी बात को बढ़ा देना)* सरला की बेटी ने संजना के बेटे को थप्पड़ मार दिया। इस पर दोनों में झगड़ा होने लगा और कुछ ही देर में *तिल का ताड़ बन गया*।
- **थूककर चाटना** *(अपने कहे हुए से फिरना)* उसने कहा था कि मैं कभी यहाँ नहीं आऊँगा। आज यहाँ आकर उसने *थूककर चाट लिया*।
- **दाँत खट्टे करना** *(हराना)* भारतीय सैनिकों ने युद्ध के मैदान में पाकिस्तानी सेना के *दाँत खट्टे कर* दिए।
- **दाँतों तले उँगली दबाना** *(हैरान होना)* ताजमहल की सुंदरता को देखकर अच्छे-अच्छे *दाँतों तले उँगली दबा* लेते हैं।
- **धज्जियाँ उड़ाना** *(बुरी तरह परास्त करना)* कनिका ने अपनी वाक्पटुता से विरोधियों की *धज्जियाँ उड़ाकर* रख दीं।
- **धाक जमाना** *(प्रभुता स्थापित करना)* शांति का नोबेल पुरस्कार पाने के बाद बराक ओबामा की पूरे विश्व में *धाक जम गई*।
- **नाक कटना** *(बेइज़्ज़ती होना)* भारतीय सेना में कुछ ऐसे व्यक्ति भी हैं, जो अपने कार्यों से *देश की नाक कटा* देते हैं।
- **नाकों चने चबवाना** *(खूब तंग करना)* कारगिल युद्ध में चोटियों पर तैनात भारतीय वीरों ने संख्या में कम होते हुए भी पाकिस्तानियों को *नाकों चने चबवा दिए*।

### प, फ, ब, भ, म

- **पत्थर की लकीर होना** *(अटल होना)* राजा दशरथ के वचन *पत्थर की लकीर* थे।
- **पाँचों उँगलियाँ घी में होना** *(लाभ-ही-लाभ होना)* श्याम ने ज़मीन बहुत सस्ती खरीदी थी, आज उसके भाव एकदम से ऊँचे हो गए। अब तो श्याम की *पाँचों उँगलियाँ घी* में हैं।
- **फूटी आँख न सुहाना** *(तनिक भी न अच्छा लगना)* सुनीता की सौतेली माँ को सुनीता *फूटी आँख नहीं सुहाती*। वह हमेशा उस पर अत्याचार करती रहती है।
- **फूला न समाना** *(बहुत खुश होना)* राधिका के इंजीनियरिंग में प्रथम आने का समाचार सुनकर उसके परिवारजन *फूले नहीं समा रहे* थे।
- **बहती गंगा में हाथ धोना** *(अवसर का लाभ उठाना)* मुफ्त के बिस्कुट बँटते देखकर उसने भी *बहती गंगा में हाथ धोने* की सोची।
- **बाल भी बाँका न होना** *(कुछ भी न बिगड़ना)* वह सौ फुट गहरी खाई में गिरा, लेकिन उसका *बाल भी बाँका नहीं* हुआ।
- **भांडा फोड़ना** *(भेद खोल देना)* जब एक चोर को पुलिस ने पकड़ा, तो मार के डर से उसने अपने सभी साथियों का *भांडा फोड़ दिया*।
- **भीगी बिल्ली बन जाना** *(भयभीत हो जाना)* अपराधी व्यक्ति पुलिस को देखते ही *भीगी बिल्ली बन* जाता है।
- **मक्खी मारना** *(व्यर्थ में समय नष्ट करना)* परीक्षा सिर पर होने के बावजूद सोहन *मक्खी मार रहा है*।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

- **माथा ठनकना** *(अनिष्ट की आशंका होना)* घर पहुँचते ही मुख्य दरवाज़े को देखकर उसका *माथा ठनक* गया।

### र, ल, व, श, श्र, स, ह, त्र, ज्ञ,

- **रंग में भंग पड़ना** *(खुशी में अवरोध आना)* हम लोग मज़े से कक्षा में शोर मचा रहे थे कि अचानक हमारी अध्यापिका ने कमरे में प्रवेश किया। उन्हें देखकर हमारे *रंग में भंग पड़ गया*।
- **राई का पहाड़ बनाना** *(छोटी-सी बात को तूल देना)* तुम इतनी छोटी-सी बात का *राई का पहाड़* क्यों बना रहे हो?
- **लकीर का फकीर होना** *(पुरानी मान्यताओं, रीति-रिवाज़ों का अंधानुकरण करना)* कुछ क्षेत्रों में विज्ञान की प्रगति भी कुछ नहीं कर सकी है। इस कारण वहाँ के निवासियों का *लकीर का फकीर होना* है।
- **लट्टू होना** *(मुग्ध हो जाना)* विदेशी पर्यटक ताजमहल की सुंदरता को देखकर *लट्टू हो जाते* हैं।
- **विष उगलना** *(अत्यंत कटु वचन कहना)* कुछ दिनों से पाकिस्तानी राजनीतिज्ञ भारत विरोधी *विष उगलने* में लगे हुए हैं।
- **शहद की छुरी होना** *(ऊपर से मधुर और भीतर से कटु होना)* देवकीनंदन देखने में भोला लगता है, किंतु वह *शहद की छुरी* है।
- **श्री गणेश करना** *(शुभारंभ करना)* नवरात्रि में श्याम ने नए व्यापार का *श्री गणेश* किया।
- **सड़कों की धूल चाटना** *(व्यर्थ में ही भटकना)* कई बार भाग्य खराब होने पर प्रतिभावान व्यक्ति को भी *सड़कों की धूल चाटनी* पड़ती है।
- **सोने पे सुहागा होना** *(अच्छी वस्तु का और अच्छा होना)* मेरी बेटी पढ़ने में होशियार थी। जब से उसने लंबी कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, तब से *सोने पे सुहागा* हो गया।
- **हक्का-बक्का रह जाना** *(आश्चर्यचकित रह जाना)* इतनी छोटी उम्र में किए गए अपराध की बात सुनकर मैं *हक्का-बक्का रह गया*।
- **हवा से बातें करना** *(बहुत तेज़ दौड़ना)* हीरो होंडा मोटर साइकिल जब चलती है, तब ऐसा लगता है जैसे *हवा से बातें कर रही* है।
- **त्राहि-त्राहि करना** *(रक्षा के लिए पुकारना)* कंस के घोर अत्याचारों से सारी पृथ्वी *त्राहि-त्राहि करने* लगी थी।
- **ज्ञान छाँटना** *(अपने ज्ञान का दिखावा या प्रदर्शन करना)* उस पंडित को कुछ आता नहीं, लेकिन तिलक लगाकर वह अपना *ज्ञान छाँटता* रहता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

# बहुविकल्पीय प्रश्न

**1.** राकेश अपने माँ-बाप के लिए ........ के समान है। मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) एक पंथ दो काज
(ख) अंधे की लाठी
(ग) अक्ल के अंधे
(घ) अरण्य रोदन

**2.** सारा दिन काम करते-करते आज ........ लग रहा है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) अंग-अंग ढीला होना
(ख) कपड़ा ढीला होना
(ग) पतलून ढीला होना
(घ) रस्सी ढीला होना

**3.** बिना धन के कोई व्यापार करना ........ है। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(क) घर में उड़ना
(ख) आकाश में उड़ना
(ग) खुले मैदान में उड़ना
(घ) पैरों से उड़ना

**4.** शिक्षक की अनुपस्थिति में छात्रों ने ........ रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(क) एक घाट का पानी पीना
(ख) औने-पौने करना
(ग) आसमान सिर पर उठाना
(घ) आपे से बाहर होना

**5.** व्यापारी एवं बनिये ........ के लिए कार्य करते हैं। मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) पौ बारह होने
(ख) उड़न छू होने
(ग) उन्नीस बीस होने
(घ) काफूर होने

**6.** जब रामपाल की करतूतों की पोल खुली तो वह ........ उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) फरिशता हो गया
(ख) पानी-पानी हो गया
(ग) मीठी छुरी हो गया
(घ) राई का पहाड़ हो गया

**7.** बचपन से ही दिनेश और अजय का ........ है। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(क) नमक-मिर्च लगाना
(ख) मिट्टी का माधो
(ग) मीन-मेख निकालना
(घ) चोली-दामन का साथ

**8.** बहुत से लोगों की दूसरे के काम में ........ बुरी आदत होती है। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए।
(क) डींग मारना
(ख) तीन तेरह करना
(ग) टाँग अड़ाना
(घ) ढोंग रचाना

**9.** व्यवस्था के खिलाफ लड़ना ........ है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) अंगूर खट्टे होना
(ख) अंगारों पर पैर रखना
(ग) आँखों पर चर्बी होना
(घ) आग-पानी साथ रखना

**10.** मेहमान के स्वागत में सीमा को ........ अच्छा लगता है। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए।
(क) आँखें तरेरना (ख) आँखें फेरना
(ग) आँखें बिछाना (घ) आँखें निकालना

**11.** दुष्ट व्यक्ति को चाहे जितना समझाओ, उसके ..........। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) छाँह न छूने देना
(ख) मक्खी नाक पर न बैठने देना
(ग) कान पर जूँ न रेंगना
(घ) बाल बाँक न होना

**12.** भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम में शामिल होना कोई ........ नहीं है। रिक्तस्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए।
(क) मिट्टी का माधो (ख) हाथ का मैल
(ग) साँप सूँघना (घ) बच्चों का खेल

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**13.** इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना ...... है। मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) इशारे पर नाचना (ख) नानी याद आना
(ग) धज्जियाँ उड़ाना (घ) दिल भर आना

**14.** राजेश सदा ...... की तरह काम करता रहता है। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(क) डेढ़ चावल की खिचड़ी
(ख) तेली के बैल
(ग) टेढ़ी खीर
(घ) तीन-पाँच करना

**15.** अध्यापक द्वारा प्रश्न पूछे जाने पर छात्र ............ लगे। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए।
(क) दूज का चाँद होना (ख) बगले झाँकना
(ग) भेड़िया धसान होना (घ) प्राणों की बाजी लगाना

**16.** चीन अब भारत की सीमाओं पर ...... है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) आँख लगाए हुए है
(ख) कान लगाए हुए है
(ग) मुँह लगाए हुए है
(घ) नाक लगाए हुए है

**17.** भारतवर्ष की उन्नति देख चीन के .......... लगते हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(क) कलेजे पर साँप लोटना
(ख) हिम्मत बढ़ाना
(ग) फूला न समाना
(घ) कंगाली में आटा गीला होना

**18.** दुनिया में उन्हीं लोगों के ........... जो अपने देश पर कुर्बान होते हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(क) दिल बड़े हैं (ख) झंडे गड़े हैं
(ग) सफेद झूठ हैं (घ) पापड़ बेलने हैं

**19.** पुत्र की सरकारी नौकरी लगने पर पिता की ...........। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) मुठ्ठी गर्म हो गई
(ख) लॉटरी लग गई
(ग) बाँछे खिल गई
(घ) नैया डूब गई

**20.** विभीषण ने राम को रावण के सभी रहस्य बताकर ............ कार्य किया। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(क) विष घोलने का
(ख) सिर खपाने का
(ग) मक्खी मारने का
(घ) हाथ पीले करने का

**21.** साइकिल की सवारी करना आजकल के युवाओं के लिए ............ है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) शान में बट्टा लगना
(ख) सिर झुकाना
(ग) यम की यातना करना
(घ) मैदान मारना

**22.** स्वतंत्रता के लिए भारतीयों ने ............ किया। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(क) फिकरा कसना (ख) पीठ दिखाना
(ग) बाँछे खिलना (घ) भागीरथ प्रयत्न

**23.** पुलिस को देखते ही चोर ......... बन जाते हैं। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) भेड़िया धसान
(ख) भीगी बिल्ली
(ग) दल-बदलू
(घ) गोबर गणेश

**24.** सच्चे शूरवीर देश की रक्षा में प्राणों की ......... । रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए
*(CBSE प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र 2020)*
(क) बाजी लगा देते हैं
(ख) जान लगा देते हैं
(ग) ताकत लगा देते हैं
(घ) आहुति लगा देते है

**25.** आजकल बाबा लोगों का काम सीधे-सादे लोगों को ........ है। रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए।
(क) चित्त पर चढ़ाना
(ख) घड़ों पानी भराना
(ग) चंगुल में फँसाना
(घ) गाल फुलाना

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**26.** भारत की सेना पाकिस्तानी सेना पर ........ और उसका विनाश कर दिया। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) टूट पड़ी
(ख) फूट पड़ी
(ग) लूट पड़ी
(घ) हार पड़ी

**27.** अमित पर अमीर बनने का ........... था। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) भूत सवार होना
(ख) सूरज को दीपक दिखाना
(ग) सिक्का जमाना
(घ) शान में बट्टा लगना

**28.** प्रत्येक परिवार को ........ रहना चाहिए। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) खून सवार होकर
(ख) गूलर का फूल होकर
(ग) गुरु घंटाल होकर
(घ) घी खिचड़ी होकर

**29.** तुलसीदास कृत 'रामचरितमानस' जनता के लिए ........ के समान है। उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(क) गढ़ जीतना (ख) गले का हार होना
(ग) घास छीलना (घ) चाँद पर थूकना

**30.** यह पुरोहित यजमानों को ........ में सिद्धहस्त है। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए।
(क) उल्टे छुरे से मूँड़ना
(ख) इधर-उधर की हाँकना
(ग) ओले पड़ना
(घ) ईंट से ईंट बजाना

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (ख) | 2. (क) | 3. (ख) | 4. (ग) | 5. (क) | 6. (ख) | 7. (घ) | 8. (क) | 9. (ख) | 10. (ग) |
| 11. (ग) | 12. (घ) | 13. (ख) | 14. (ख) | 15. (ख) | 16. (क) | 17. (क) | 18. (ख) | 19. (ग) | 20. (क) |
| 21. (क) | 22. (घ) | 23. (ख) | 24. (क) | 25. (ग) | 26. (क) | 27. (क) | 28. (घ) | 29. (ख) | 30. (क) |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in